

वह युवा खिलाड़ियों में से एक है। ऑलराउंडर्स की काबिलियत है। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो हमारे लिए एक छोर संभाल सकते हैं, खासकर पहले कुछ दिनों तक। - मोर्न मोर्कल

दक्षिण अफ्रीकी कोच, ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी की तारीफ करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## राफेल नडाल



टेनिस के दुनिया के स्टार राफेल नडाल ने अपने करियर को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया है। क्ले कोर्ट के किंग कहे जाने वाले नडाल की विदाई भी भावुक रही। उन्होंने डेविस कप म्दों अपने आखिरी मैच उसी दिन खेला जिस दिन इस टूर्नामेंट में डेब्यू किया। रोजर फेडरर ने अपने इस दोस्त के लिए पोस्ट किया और सेरेना विलियम्स ने भी इस पर कमेंट किया। नडाल ने 22 बार ग्रैंडस्लैम जीता और 20 साल से ज्यादा के सफर का ये उनका आखिरी टूर्नामेंट था। स्पेन को नीदरलैंड ने 2-1 से हराया। दर्क राफा, राफा चिल्ला रहे थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टैस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

## गिल के खेलने पर फैसला मैच से पहले : मोर्कल

### गेंदबाजी कोच बोले- वे दिन-प्रतिदिन बेहतर हो रहे



पर्थ, 20 नवम्बर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ में 22 नवंबर से खेला जाएगा। उससे पहले, टीम इंडिया के बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल ने शुभमन गिल की चोट को लेकर अपडेट दी है। उन्होंने पर्थ में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा, गिल दिन-प्रतिदिन बेहतर हो रहे हैं। पहले टेस्ट में गिल के खेलने पर फैसला मैच वाले दिन लिया जाएगा। उन्होंने मैच की तैयारी के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। इसलिए उम्मीद है कि वह सफल होंगे। गिल के पहले टेस्ट में खेलने की उम्मीद न के बराबर गिल के पहले टेस्ट में खेलने की उम्मीद न के बराबर है। पहले टेस्ट में उनकी जगह नंबर तीन पर देवदत्त पडिक्कल उतर सकते हैं। इंडिया-ए के साथ ऑस्ट्रेलिया गए पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया में ही रोक लिया गया है। वहीं जब से वह टीम के साथ जुड़े हैं प्रैक्टिस मैच में नंबर तीन वही बल्लेबाजी करने के लिए आ रहे हैं। ऐसे में यह कम ही संभावना है कि पहले मैच में गिल को खिलाया जाएगा।

## मेगा ऑक्शन के शेड्यूल से नाखुश रिकी पोंटिंग

नई दिल्ली, 20 नवम्बर। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को साउदी अरब के जेद्दा में होना है। इसी दौरान भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच भी होगा। इसे लेकर ऑस्ट्रेलियाई पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग टेस्ट मैच के दौरान होने वाले नीलामी से नाखुश हैं। उन्होंने इसको लेकर खराब स्थिति बताया है। ऑस्ट्रेलिया के कई पूर्व क्रिकेटर आईपीएल फ्रेंचाइजी से जुड़े हैं और नीलामी के कारण रिकी पोंटिंग, जस्टिन लैंगर और ऑस्ट्रेलिया के बॉलिंग कोच डेनियल विटोरी को हर हाल में आईपीएल नीलामी का हिस्सा बनना पड़ रहा है। वहीं जेद्दा में होने वाली नीलामी में रिकी पोंटिंग बतौर पंजाब किंग्स कोच, लैंगर लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच और डेनियल विटोरी सनराइजर्स हैदराबाद के कोच के रूप में मौजूद रहेंगे। रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले पर्थ टेस्ट के पहले दिन कमेंट्री करते हुए नजर आएंगे। साथ ही रिकी पोंटिंग ने शेड्यूल को लेकर कहा कि, ये मेरे और जेएल के लिए सबसे खराब स्थिति है। हम पिछले कुछ महीनों से सोच रहे थे कि शायद टेस्ट मैच और नीलामी में गैप होगा। इससे दोनों टीमों के खिलाड़ियों पर से दबाव हट जाएगा, नीलामी में दोनों टीमों के कई खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा कि, इसलिए मुझे हमेशा लगा कि इन दोनों के बीच में गैप होगा क्योंकि ये सभी के लिए अच्छा होता। लेकिन मुझे नहीं पता कि उन्होंने ये तारीखें क्यों चुनी हैं। हो सकता है कि इसका खेल से कुछ लेना -देना हो। दरअसल, नीलामी खेल खत्म होने के तुरंत बाद शुरू होती है इसलिए इसका प्रसारण से कुछ लेना-देना हो सकता है।

## भारत से चौथे टी-20 में अंपायर के फैसले पर असहमति जताई

दुबई, 20 नवम्बर। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज जेराल्ड कूट्जी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। उनकी मैच फीस में 50 की कटौती की गई है, जबकि एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया है। 24 साल के कूट्जी ने शुक्रवार, 15 नवंबर को भारत के खिलाफ जोहान्सबर्ग में चौथे टी-20 के दौरान अंपायर के एक फैसले पर नराजगी जाहिर की थी। भारतीय पारी के 15वें ओवर में फील्ड अंपायर ने उनकी बॉल को वाइड करार दिया था। कूट्जी के अलावा, ने नीदरलैंड्स के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स और ओमान के तेज गेंदबाज सुफियान महमूद पर भी जुर्माना लगाया है। मामले के बाद कूट्जी ने मैच रेफरी के सामने अपनी गलती मानी और सजा को भी स्वीकार कर लिया। इसमें उन्हें आधिकारिक तौर पर उनको फटकार भी मिली है। भारतीय टीम ने इस मुकाबले को 135 रन से जीत लिया और 4 मैचों की टी-30 सीरीज मे 3-1 की जीत हासिल की। आखिरी मुकाबले में कूट्जी महंगे साबित हुए। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर में 42 रन खर्च किए और एक भी विकेट हासिल नहीं किया।

## बेमौसम बरसात के बाद वाका के क्यूरेटर को पर्थ की पिच पर घुमावदार दरारों की उम्मीद नहीं

पर्थ, 20 नवम्बर। वाका के मुख्य क्यूरेटर इसाक मैकडोनाल्ड ने कहा कि पर्थ में बेमौसम की बारिश से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में पहले टेस्ट की पिच की तैयारी पर असर पड़ा है और उन्हें इस पर 'घुमावदार दरारें' बनने की उम्मीद नहीं है लेकिन इसके बावजूद पिच से काफी उछाल मिलेगा। आप्टस स्टेडियम या वाका मैदान की पिचें अपनी रफ्तार और उछाल के लिये मशहूर हैं और सूखे हालात में बनने वाली दरारों से तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिलती है। यहां पिछले कुछ दिन से बारिश हो रही है और मंगलवार को पिच पर पूरे दिन कवर बिछे थे जिससे क्यूरेटरों को तैयारी के लिये समय नहीं मिल सका। मैकडोनाल्ड ने शुक्रवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व मीडिया से कहा ,'' पारंपरिक तैयारी नहीं हो सकी है।

# आईसीसी ऑलराउंडर रैंकिंग में हार्दिक नंबर-1 पर पहुंचे

### तिलक ने 69 स्थान की छलांग लगाई



नई दिल्ली, 20 नवम्बर। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की ताजा रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर-1 ऑलराउंडर बन गए है। उन्होंने इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टन को पीछे छोड़ दिया है। वहीं, साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में लगातार दो शतक लगाने वाले तिलक वर्मा ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में 69 स्थानों की लंबी छलांग लगाई है। अब वे तीसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। ऑफ स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 36 और ओपनर संजू सैमसन को 17 पायदान का फायदा हुआ है। बॉलिंग रैंकिंग में वरुण 28वें और बैटर रैंकिंग में संजू 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी-20 के बैटर रैंकिग के टॉप-10 में 3 भारतीय तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और यशस्वी जायसवाल है। वहीं बॉलिंग रैंकिंग में टॉप-10 में दो भारतीय अर्शदीप सिंह और रवि बिश्नोई है।

हार्दिक ने लिविंगस्टोन को पीछे किया : ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हुए टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में 39 रन की नाबाद पारी खेली थी। जबकि चौथे टी20 मुकाबले में उन्होंने 8 रन देकर 1 विकेट लिया था। जिसकी वजह से वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के नंबर-1 ऑलराउंडर बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टन और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी को पीछे छोड़ दिया। ऐसा दूसरी बार हुआ है, जब हार्दिक पंड्या ऑलराउंडर रैंकिंग के टॉप पर पहुंचे हों। इसी साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद उन्होंने पहली बार पहले नंबर की पोजिशन हासिल की थी।

## स्कूल नेशनल वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम जम्मू रवाना



जयपुर, 20 नवंबर। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में दिनांक 21 से 26 नवम्बर 2024 तक जम्मू में आयोजित होने वाली वाली 68वी राष्ट्रीय विद्यालयी वुशू (बालक/बालिका) प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान स्कूल वुशू टीम आज बीकानेर से जम्मू कश्मीर के लिए रवाना हुई। हीरानंद कटारिया, अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि राजस्थान वुशू टीम का शिविर राजकीय एम एम स्कूल बीकानेर में राजस्थान शिक्षा विभाग बीकानेर द्वारा दिनांक 15 से 19 नवंबर 24 तक आयोजित किया गया। तथा टीम आज दिनांक 20 नवम्बर को जम्मू के लिए रवाना होगी।

17 वर्ष छात्र वर्ग आयु शौर्य वर्मा 40 किग्रा, मानव 45 किग्रा, आशु 48 किग्रा, देवांश चौहान 52 किग्रा, रोहित हरितवाल 56 किग्रा, रुद्राक्ष अमेरिया 60 किग्रा, सुनील 65 किग्रा, मानवेंद्र सिंह 70 किग्रा, केशव शर्मा 75 किग्रा, सहदेव सिंह 80 किग्रा, तरुण कामनिया 85 किग्रा। टीम प्रशिक्षक गजेंद्र पुरी गोस्वामी उदयपुर, मैनेजर सुरेश चौधरी जोधपुर। 17 वर्ष छात्रा आयु वर्ग में सुनाक्षी 36 किग्रा, इशिता चौधरी 40 किग्रा, हिमानी 45 किग्रा, कुसुम सुथार 48 किग्रा, यशिका खंडेलवाल 52 किग्रा, संगीता खोखर 56 किग्रा, रिया मिश्रा 60 किग्रा, सगुन सिंह 65 किग्रा, अंजना 70 किग्रा, टीम प्रशिक्षक सोहन राम जोधपुर, टीम मैनेजर ममता वर्मा, टीम के चीफ डे मिशन विनोद आचार्य एवं दल प्रबंधक विशाल पारीक टीम के साथ रहेंगे।

शिविर के अंतिम दिन राजस्थान वूशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, भारतीय वुशू टीम के अंतराष्ट्रीय प्रशिक्षक राजेश कुमार टेलर, कोषाध्यक्ष विजय सिंह ने शिविर में पहुंच कर सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की तथा सभी पदक विजेताओं एवं प्रशिक्षकों को राजस्थान वुशू संघ की तरफ से प्रतियोगिता समाप्ति पश्चात ट्रैक सूट प्रदान करने की घोषणा की।

## महिपाल लोमरोर कप्तानी में राजस्थान टीम सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी हेतु राजकोट आज रवाना



जयपुर, 20 नवम्बर। बीसीसीआई द्वारा आगामी 23 नवम्बर से राजकोट में आयोजित होने वाली राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिता सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में भाग लेने वाली राजस्थान टीम का चयन राजस्थान क्रिकेट संघ सीनियर चयन कमेटी द्वारा किया गया। राजस्थान टीम आगामी 21 नवम्बर को राजकोट रवाना होगी।

**सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी हेतु राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा घोषित टीम :-** महिपाल लोमरोर (कप्तान), मानव सुथार (उप कप्तान), दीपक हुड्डा, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, दीपक चाहर, अनिकेत चौधरी, राम मोहन चौहान, अभिजीत तोमर, भारत शर्मा (विकेट कीपर), जुबेर अली, कमलेश नागरकोठी, आदित्य सिंह राठौर, राजेश बिश्नोई (जूनियर), सुमित गोदारा। स्टैंड बाई खिलाड़ी, अमन सिंह राजावत, अराफात खान, रजत चौधरी, शुभम गढ़वाल, मोहित जैन।

## आर. अश्विन रच सकते हैं इतिहास

पर्थ, 20 नवम्बर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट 22 नवंबर को पर्थ में खेला जाएगा । इस सीरीज पर पूरे क्रिकेट जगत की नजरें हैं, क्योंकि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की रेस में बनी दो सर्वश्रेष्ठ टीमों के बीच ये भिड़ंत होने वाली है। भारत के पास ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीतने की हैट्रिक लगाने का बेहतरीन मौका है। ये सीरीज जीतने पर भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की दौड़ में बना रहेगा। ऑस्ट्रेलिया की नजरें लंबे समय बाद घर पर सीरीज जीतने पर होंगी। वहीं अश्विन इस सीरीज में इतिहास रच सकते हैं।

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रविचंद्रन अश्विन सीरीज जीत में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उनके पास काफी अनुभव है और कंगारूओं के खिलाफ पिछले दौरे पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज थे। उन्होंने तीन टेस्ट में 12 विकेट अपने नाम किए थे। अश्विन अपने इस प्रदर्शन को एक बार फिर से दोहराना चाहएंगे। हाल ही में अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन को डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज की लिस्ट में पछाड़ा था। अश्विन के पास इस सीरीज के दौरान वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 200 विकेट पूरा करने का शानदार मौका है।

## अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच राजस्थान के गेंदबाजों ने केरल को 148 रन पर ऑलआउट किया

जयपुर, 20 नवम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में आज से जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर बीसीसीआई की राष्ट्रीय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता कूच बिहार ट्रॉफी के राजस्थान -केरल मैच के पहले दिन राजस्थान के गेंदबाज गुलाब सिंह , आभास श्रीमाली, जतिन व निर्मल की शानदार गेंदबाजी की सहायता से राजस्थान ने केरल को पहली पारी में सस्ते में आउट किया।

आज टॉस जीतकर राजस्थान ने केरल को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। केरल पहली पारी 148 आल आउट। राजस्थान के गेंदबाज गुलाब सिंह 57/4, आभास श्रीमाली 17/3, जतिन 34/2 व निर्मल बिश्नोई 28/1 विकेट प्राप्त करते हुए केरल को पहली पारी में मात्र 148 रनो के स्कोर पर आल आउट कर दिया।

**राजस्थान पहली पारी 72/2**

पहले दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने पहली पारी में 2 विकेट के नुकसान पर 72 रन बना लिए थे। टीम के लिए पार्थ यादव नाबाद 37 व आकाश मुंडेल नाबाद 17 रन बनाकर खेल रहे हैं। मनय कटारिया 18 रनो का योगदान दिया।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने दोहराया इतिहास



## चीन को 1-0 से हराकर फिर बनी एशियन चैम्पियन

बिहार, 20 नवम्बर। भारतीय महिला हॉकी टीम ने इतिहास को दोहराया है। दरअसल, महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर भारत ने फिर से चैंपियन बन गया है। चीन के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन किया और गेंद को ज्यादातर समय अपने नियंत्रण में रखा और दूसरी तरफ चीन के खिलाड़ी मैच में एक भी गोल करने में नाकामयाब रहे। भारत ने तीसरी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है और साउथ कोरिया की बराबरी कर ली है। बता दें कि, साउथ कोरिया ने भी 3 बार चैंपियंस ट्रॉफी का टाइटल तीन बार जीता था।

हरेंद्र सिंह के हेड कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम ने अपना पहला खिताब जीता। वहीं भारत की तरफ से एकमात्र गोल दीपिका ने किया है। सलीमा टेटे के अगुवाई मं भारतीय महिला टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में दबदबा कायम रखा और पूरे टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं हारा। सेमीफाइनल में भारत ने जापान को 2-0 से मात दी थी। ये तीसरी बार है जब भारत एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम करने में कामयाब हुआ है। इससे पहले भारत ने 2016, 2023 में ये खिताब अपने नाम किया था।

वहीं मुकाबले की बात करें तो, पहला हाफ में दोनों टीमों की तरफ से कोई गोल नहीं हुआ। हां लेकिन दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में भारत को मिले पेनाल्टी कॉर्नर पर दीपिका ने गोल करके खचाखच भरे बिहार खेल यूनिवर्सिटी स्टेडियम में मौजूद दर्शखों में उत्साह का संचार कर दिया। दूसरे हाफ में पहले ही मिनट में लालरेम्सियामी ने पेनल्टी कॉर्नर दिलाया। इस पर पहला शॉट चूक गया लेकिन गेंद सर्कल के भीतर ही थी और नवनीत की स्टिक से डिफ्लैक्ट होकर दीपिका के पास पहुंची जिसने शानदार फ्लिक से उसे गोल के भीतर डाला। भारत के पास तीसरे क्वार्टर में ही बढ़त दोगुनी करने का सुनहरा मौका था लेकिन 42वें मिनट में मिले पेनाल्टी स्ट्रोक पर दीपिका का शॉट चीन की गोलकीपर ने दाहिनी ओर डाइव लगाकर बचा लिया।

# लियोनेल मेस्सी 14 साल बाद भारत लौटेंगे



नई दिल्ली, 20 नवम्बर। भारतीय फुटबॉल फैंस के लिए बेहद खुशखबरी है। दुनिया के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी जल्द ही भारत लौटने की तैयारी में है। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी 14 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भारतीय सरजमीं पर खेल का जादू बिखेरेंगे। इससे पहले अंतिम मैच लियोनेल मेस्सी ने वर्ष 2011 में कोलकाता में खेला था। ये मुकाबला साल्ट लेक में अर्जेंटीना और वेनेजुएला के बीच खेला गया था। वहीं अब फुटबॉल के जादूगर पूरे 14 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद फिर से भारत लौटेंगे। ये भारतीय खेल प्रेमियों के लिए बेहद खुशी का पल है। विश्व विजेता टीम अर्जेंटीना अगले साल भारत में अपना मैच खेलने वाली है। इसकी जानकारी केरल के खेल मंत्री अब्दुरहीमान ने दी है। उन्होंने तिरुवनंतपुरम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि राज्य सरकार की पूरी निगरानी में ये मैच आयोजित होगा। उन्होंने कहा, ''इस हाई-प्रोफाइल फुटबॉल इवेंट के आयोजन के लिए राज्य के व्यापारियों द्वारा आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर की मेजबानी करने की केरल की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया। लियोनेल मेस्सी ने आखिरी बार भारत में 2011 में खेला था, जब अर्जेंटीना ने वेनेजुएला के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय मैत्रीपूर्ण मैच में भाग लिया था।

# राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद : 26 नव. को संविधान दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा



जयपुर, 20 नवंबर। संविधान के 75वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा 26 नवंबर को संविधान क्लब से अंबेडकर सर्किल तक पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 15000 से अधिक युवा भाग लेगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव डा. नीरज कुमार पवन ने बुधवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में विभिन्न सहयोगी विभागों की बैठक ली।

बैठक में डा नीरज कुमार पवन ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को ज़िम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं के पुख़्ता इंतज़ाम सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के लिए जलपान, टी शर्ट, प्ले कार्ड, मोबाईल टॉयलेट्स के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

**यह होगे आकर्षण :** कार्यक्रम में सेना, राजस्थान पुलिस, आरएसी एवं निजी विद्यालयों द्वारा बैंडवादन की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही पर्यटन विभाग के सहयोग से पदयात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर सेल्फी बूथ लगाये जायगे।

इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त (साउथ) दिगंत आनंद, युवा मामले एवं खेल विभाग की शासन उप सचिव अनीता मीना, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के सचिव राजेंद्र सिंह, उपायुक्त-नगर निगम, ग्रेटर प्रियव्रत सिंह, संयुक्त सचिव-सूचना प्रोद्योगिक संजय जगदीश कार्निक सहित शिक्षा विभाग, भारत स्काउट आदि के अधिकारी उपस्थित रहें।

### राजस्थान ने अल्ताफ की कप्तानी में अपना अंतिम मैच जीतकर संतोष ट्रॉफी के अगले दौर में प्रवेश किया

# राजस्थान ने दमन दीव को 4-0 से हराया






जयपुर, 20 नवंबर। संतोष ट्रॉफी फुटबॉल के अंतिम मैच को जीतकर मेजबान राजस्थान ने क्वालीफाई किया। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि जयपुर के रॉयल फुटबॉल मैदान पर खेली जा रही संतोष ट्रॉफी फुटबॉल में आज आई ग्रुप के दो मैच खेले गए पहला मैच गुजरात और महाराष्ट्र के बीच खेला गया जो गोलरहित रहा दोनो टीमें बराबर रही।

आज का दूसरा और ग्रुप का अंतिम मैच मेजबान राजस्थान और दमन दीव के बीच खेला गया जिसमें मेजबान राजस्थान ने 4-0 से जीत हासिल की। राजस्थान की ओर से पहला गोल कप्तान अल्ताफ ने पहले हाफ के अंतिम समय 44 वें मिनट में किया, दूसरा गोल विशाल ने 52 वें मिनट किया, तीसरा गोल इमरान मानी ने 54 वें मिनट में किया और चौथा गोल यश साहनी ने 85 वें मिनट में किया। राजस्थान की ओर से विशाल, अमित गोदारा, इमरान मानी, यश साहनी, मुकेश और अल्ताफ ने शानदार खेल दिखाया। विशाल को ''मैन ऑफ द मैच'' दिया गया। इस जीत के साथ ही मेजबान राजस्थान ने संतोष ट्रॉफी के अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। राजस्थान टीम ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दूसरी बार संतोष ट्रॉफी के ग्रुप में टॉप रहते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत और इनकी पूरी टीम के सकारात्मक प्रयासों से राजस्थान टीम ने ये ऐतिहासिक सफलता हासिल की हैं। आज के मैच में जयपुर व राजस्थान के विभिन्न जिलों से आये दर्शकों ने मेजबान राजस्थान टीम का हौसला बढ़ाया।

अतिथि के रूप में राजस्थान फुटबॉल संघ की महिला विंग की चेयरमैन रोशनी टाक, वाइस चेयरमैन प्रतिभा मीणा, ब्रिगेडियर जितेन्द्र सिंह शेखावत, फर्स्ट इंडिया न्यूज के महिपाल सिंह, मालचंद पूर्व अंतरास्ट्रीय खिलाड़ी, रवि कुमार कोच, अब्दुल जब्बार, बी वाई बी वी के मार्केटिंग हैड ऋषि भाटिया, कैलाश भीलवाड़ा, दिनेश जोधपुर, सुरेंद्र सीकर, यासीन चूरू, आशिफ करौली, फैसल खान चितौड़गढ़, नवीन पुरोहित, दिलीप श्रीवास्तव, दिलीप सिंह चुंडावत। हरिराम विश्नोई जालोर, मनोज जाट, अमर सिंह, और कई खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## बीसीसीआई ने अजीत अगरकर को ऑस्ट्रेलिया में रुकने का दिया आदेश

*नई दिल्ली, 20 नवम्बर। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में टीम इंडिया के साथ-साथ हेड कोच गौतम गंभीर की भी अग्निपरीक्षा होगी। 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज तक टीम इंडिया के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ऑस्ट्रेलिया में ही रुकेंगे। दरअसस, बीसीसीआई ने अगरकर को ऑस्ट्रेलिया में रोकने का फैसला किया है, जिसका कनेक्शन गौतम गंभीर और सीनियर खिलाड़ियों से बताया जा रहा है।*

*एक रिपोर्ट के अनुसार, अजीत अगरकर और गंभीर मिलकर काम करेंगे ताकि सुनिश्चित हो सके की सभी चीजें सही रहें और साथ ही दोनों एक राय कायम कर सकें। बता दें कि, हाल ही में टीम इंडिया ने घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज 3-0 से गंवाई थी। जिसमें सीनियर खिलाड़ियों ने काफी निराशाजनक प्रदर्शन किया। वहीं कहा जा रहा है कि, टीम के सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली, रोहित शर्मा, अश्विन और रविंद्र जडेजा के भविष् को लेकर बड़ा फैसला लिया जा सकता है।*

*ये चारों ही खिलाड़ी 35 साल से ऊपर के हैं जहां विराट और रोहित टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं वहीं बोर्ड सीनियर्स से उनके भविष्य को लेकर चर्चा करेगा। अगरकर और गंभीर दोनों जानते हैं कि भारत में इस तरह के खराब प्रदर्शन से व्यापक आलोचना होगी, जो उचित है। ऑस्ट्रेलिया में एक लंबा दौरा है। ऐसे में दोनों एकसाथ बैठकर चर्चा कर सकते हैं कि, दौरे के बाद चीजों को कैसे आगे बढ़ाया जाए। ऐसे में प्रोसेस को लेकर दोनों को एक मत पर होना चाहिए। बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज खत्म होने के ठीक बाद फोकस चैंपियंस ट्रॉफी पर हो जाएगा।*